हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 5.7 डिग्री

11 कांग्रेस शासन में बने प्रोजेक्टों की खस्ताहाल पर पूर्व मंत्री...

12 जस्टिस फॉर हार्दिक राठी के गूंजे नारे, ग्रामीणों ने...


## खबर संक्षेप




### 17 दिसंबर के प्रदर्शन की तैयारी जोरों पर

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय कन्वेंशन कर्मचारी भवन सुखपुरा चौक में जिला प्रधान जगपाल सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने केंद्र सरकार पर पेंशन संशोधन में छलावा करने का आरोप लगाते हुए निर्णायक संघर्ष की जरूरत बताई। राज्य महासचिव रतन जिंदल ने कहा कि 9वें वेतन आयोग में पेंशन को बोझ बताने वाली शब्दावली चिंताजनक है, जबकि संचित निधि कोष में 10 लाख 500 करोड़ रुपये मौजूद हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इसके विरोध में 17 दिसंबर को प्रदेशभर में जिला उपायुक्त कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### शिविर में 195 पशुओं की जांच व उपचार किया

**रोहतक।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिला के हर पशु की स्वास्थ्य जांच करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू किए गए है। इसका शुभारंभ गांव मोखरा में स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय में हेल्थ-कम-इनफर्टिलिटी कैंप के आयोजन से हुआ। यह शिविर विभाग के उप निदेशक तथा महम में तैनात एसडीओ डॉ. नरेंद्र दहिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कैंप में कुल 42 किसानों ने भाग लिया।



### जिला मुख्यालयों पर कल राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

**रोहतक।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने घोषणा की है कि 2 दिसंबर को देशभर में जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रव्यापी रोष प्रदर्शन किया जाएगा। जिला प्रधान अनिल स्वामी और जिला महासचिव संजय सिंहमार ने बताया कि जंतर-मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली की शांतिपूर्ण रैली के बाद समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल व अन्य पदाधिकारियों पर अधिक संख्या का हवाला देकर एफआईआर दर्ज की गई, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की अनुमति नियमपूर्वक ली गई थी और कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहा, फिर भी सरकार द्वारा दमनकारी कार्रवाई की गई। समिति ने निर्णय लिया है कि 2 दिसंबर को एफआईआर की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी छूट की मांग



**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रोहतक में सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को ज्ञापन सौंपकर 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से स्थाई छूट देने की मांग की। संगठन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के बाद वर्षों से कार्यरत हजारों वरिष्ठ शिक्षकों पर नौकरी समाप्ति और पदोन्नति रुकने का खतरा बढ़ गया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरटीई अधिनियम में संशोधन, मुद्दे को संसद में उठाने तथा आवश्यक होने पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग रखी। सांसद दीपेन्द्र ने पूरा मुद्दा संसद में उठाने का आश्वासन दिया।

---

### एक महीने से सनसिटी रोहतक पानीपत रेलवे ओवरब्रिज पर रातभर उठ रहे जहरीले धुएं के गुबार

# पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माना व एफआईआर उबकाई प्रदूषण फैलाने वालों पर नहीं कोई कार्रवाई

- निर्माण फर्म पर कार्रवाई करने में अफसर लाचार
- पॉल्यूशन को लेकर केंद्र सरकार के नियमों की जाती है पालना, कहा, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

रोहतक शहर की आबोहवा नवंबर के 27 में से 16 दिन गंभीर और 2 दिन खतरनाक श्रेणी में रही। पराली जलाने पर गत बृहस्पतिवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने मोखरा गांव के किसान बीरबल पुत्र तेजपाल पर 5 हजार रुपये जुर्माना किया। इतना ही नहीं किसान के खिलाफ बहु अकबरपुर थाने में मामला तक दर्ज करा दिया। लेकिन दूसरी ओर पराली से भी खतरनाक प्रदूषण शहर में रात के अंधेरे में सरकारी निर्माण कार्य से फैलाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी इससे अंजान हों। अफसरों को पता है कि पराली जलाने से भी खतरनाक पॉल्यूशन जलता डामर इस समय फैला रहा है। डामर जलने वाले बनने वाले धुएं के सामने आप एक बार भी आए जाएं तो उबकाई भी हो सकती है। बावजूद इसके बोर्ड के अफसर निर्माण कार्य करवा रही फर्म पर दो पैसे का जुर्माना तक नहीं कर सकते हैं। इसकी वजह साफ-साफ है कि सरकार ने भी दम घोंट रहे प्रदूषण में भी फर्म को काम करने की अनुमति दी हुई है। ध्यान रहे कि सनसिटी रेलवे ओवरब्रिज पर बीते एक महीने से डामर/तारकोल और रोड़ी की परत चढ़ाई जा रही है। ये काम रात में किया जा रहा है।




**फतेहाबाद।** अशोक नगर में सीवरेज लाइन की सफाई करती सुपर सकर मशीन व अशोक नगर से फाइव एकड़ को जाने वाली सडक पर फैली सीवरेज की गंदगी। फोटो : हरिभूमि

#### इतना खतरनाक होता है डामर



पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन डामर में मौजूद होते हैं। जिसमें बेंजीन, टोल्यूनि, नाइट्रिक और कार्बोनिक एसिड, बेंज (ए) पाइरीन, फॉर्मेल्डिहाइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसे जहरीले तत्व भी होते हैं। जब डामर को गर्म किया जाता है तो ये सभी गैस वातावरण में फैलती हैं। जो सीधे-सीधे श्वसन प्रणाली को बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। श्वसन प्रणाली के लिए जितना खतरनाक डामर का धुआं होता है, उतना जहरीला पराली जलाने से पैदा होने वाला धुआं नहीं होता। पराली के धुएं से भी श्वसन प्रणाली पर असर पड़ता है, इसमें कोई दोराय नहीं है। लेकिन इतना नहीं, जितना की डामर के धुएं से।

- स्टेज 1 : खराब एक्यूआई 201-300 तक
- स्टेज 2 : बहुत खराब एक्यूआई 301-400 तक
- स्टेज 3 : गंभीर एक्यूआई 401-450 तक
- स्टेज 4 : गंभीर प्लस एक्यूआई 450 से ऊपर

#### शुक्रवार से रोहतक को मिली राहत

दिल्ली-एनसीआर में वाहनों और निर्माण कार्यों पर लगी कड़ी पाबंदियों से बीते शुक्रवार से राहत मिल गई है। सीएक्यूएम ने हाल ही में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज 3 को हटा दिया। ऐसे में रोहतक में भी स्टेज तीन हट गई है। क्योंकि रोहतक एनसीआर का ही हिस्सा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली का बीते 24 घंटे का औसत एयर एक्यूआई 327 रहा, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। लेकिन 'गंभीर' स्तर (एक्यूआई 401-450) तक नहीं पहुंचता, जहां स्टेज 3 लागू होता है। इसी वजह से स्टेज तीन को तुरंत प्रभाव से हटा लिया गया है।



#### प्रदूषण से ये पड़ता असर पड़ता है

दूषित हवा फेफड़ों पर सूजन पैदा करती है। और श्वसन प्रणाली को नुकसान पहुंचाती है। जिससे खांसी, सांस फूलना, सीने में जकड़न और अस्थमा, और निमोनिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं। खराब वायु फेफड़ों की कार्यक्षमता को कम करती है और थकान का कारण बनती है। फेफड़ों का कैंसर भी प्रदूषित हवा से होने की आशंका रहती है।

#### ग्रेप तीन हटा, सरकार ने अनुमति दी

*दिल्ली एनसीआर में गत शुक्रवार को ग्रेप तीन हटा लिया गया है। रही बात सनसिटी के पास डामर द्वारा सड़क निर्माण की। ऐसे कार्यों को सरकार ने अनुमति दी हुई है। ऐसे में फर्म काम करेगी ही। ग्रेप तीन में कौनसे काम करवाए जा सकते हैं, इसकी बकायदा सूची है।*
*-दिनेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रोहतक*

---

## लव कम अरेंज मैरिज की तैयारी में लगा था नेशनल चैंपियन बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़

### भिवानी में हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भिवानी के गांव हुमांयुपुर निवासी रोहित धनखड़, जो तीन बार नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियन रह चुके थे, अपने प्रेम संबंध के चलते शादी की तैयारी में था। रोहित और उसकी पसंदीदा लड़की के परिवार ने रिश्ता पक्का कर दिया था और सबकी सहमति से शादी की तैयारी चल रही थी। लेकिन शादी से पहले ही रोहित की हत्या ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। 28 नवंबर को रोहित अपने दोस्त जतिन के साथ भिवानी गया था। जतिन की बहन की ननद की शादी में शगुन डालने के लिए दोनों भिवानी पहुंचे। शादी समारोह के दौरान तिगड़ाना से आई बारात में कुछ युवकों द्वारा लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की गई। रोहित ने इस स्थिति को रोकने की कोशिश की, जिससे युवकों के साथ कहासुनी हुई।

#### गांव शोक की लहर, मातम का माहौल



*रोहित की हत्या की खबर सुनते ही गांव में शोक और मातम का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि रोहित न केवल खेलों में अव्वल था, बल्कि समाज में भी अनुकरणीय युवा था। रोहित धनखड़ की हत्या ने खेल और युवा समाज को झकझोर दिया है। नेशनल स्तर के खिलाड़ी की हत्या की यह घटना सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी पर कई सवाल खड़े करती है। रोहित तीन बार नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियन रह चुका था और आठ बार नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके अलावा वह एक बार इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भी हिस्सा ले चुका था। पावरलिफ्टिंग में भी उसकी रुचि थी। रोहित सेक्टर 4 के जिमखाना क्लब में अन्य युवाओं को ट्रेनिंग देता और खुद भी नियमित रूप से मेहनत करता था।*

#### शादी से लौटते समय पीछा और हमला

शादी खत्म होने के बाद जतिन और रोहित घर लौट रहे थे, तभी 5-6 गाड़ियां उनके पीछे लग गईं। आरोपियों ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की, खिड़की का शीशा तोड़ा और रोहित पर हमला किया। रोहित ने आरोपियों में से एक को लात मारी, लेकिन एक ईंट उसके कंधे पर लगी। गाड़ी को आगे बढ़ाने पर फाटक बंद होने से रुकना पड़ा, तब आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों के हाथों में बेसबॉल की डंडियां और रॉड थीं। रोहित भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन आरोपियों ने पकड़ लिया और बुरी तरह मारपीट कर अधमरी हालत में छोड़ दिया। जतिन ने रोहित को तुरंत भिवानी के अस्पताल पहुंचाया। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। रात को पीजीआई के ट्रोमा सेंटर में भर्ती होने के बाद रोहित ने दम तोड़ दिया। जतिन ने बताया कि आरोपियों की तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम और फेसबुक पर उपलब्ध हैं।

---

*शुक्रवार रात 2 बजे रेलवे स्टेशन से पैदल घर लौट रहा था*

## स्कूटी सवार बदमाशों ने बैंककर्मी से मारपीट कर मोबाइल व नकदी लूटी, वारदात सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में देर रात एक बैंककर्मी के साथ हुई लूट की वारदात से सनसनी फैल गई। नया पड़ाव जनता कॉलोनी निवासी सचिन, जो दिल्ली स्थित एक बैंक में कार्यरत है, शुक्रवार रात करीब 12 बजे रेलवे स्टेशन से पैदल घर लौट रहा था।

इसी दौरान जब वह पीपल वाली गली से गुजर रहा था, तभी स्कूटी पर सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने पहले उससे मोबाइल फोन मांगा। सचिन के विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। मारपीट के बाद लूटेरे उसका मोबाइल फोन और करीब दो हजार रुपये नकद छीनकर मौके से फरार हो गए। घायल सचिन किसी तरह घर पहुंचा और बाद में पुलिस को शिकायत दी।



#### लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा



सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात के साफ फुटेज मिले हैं, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### युवक को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई और उसे अदालत में पेश किया गया। प्रभारी सीआईए-2 स्टाफ उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही कुलदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम आईएमटी बलियाना मोड़ के पास गश्त पर थी। गश्त के दौरान युवक पर संदेह होने के आधार पर उसे काबू किया गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान अरुण पुत्र राजेश, निवासी गांव मालवी, जिला जींद, के रूप में की। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

### शिविर में 59 ने किया रक्तदान, 200 से अधिक मरीजों की जांच


**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा सांघी गांव स्थित बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर में राजेश जैन के माता–पिता की पुण्य स्मृति में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित किया गया। कैंप की अध्यक्षता ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशी राम हुड्डा व सेवानिवृत्त अधीक्षक बलवान सिंह हुड्डा ने की और रक्तदाताओं को सम्मानित किया। कैंप में 196 नेत्र रोगियों और 67 हड्डी व जोड़ दर्द से पीड़ित मरीजों की निशुल्क जांच की गई। साथ ही 59 लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें तीन दिव्यांग भी शामिल रहे। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि यह संस्था का 386वां रक्तदान शिविर, 75वां फ्री फिजियोथेरेपी कैंप और 65वां नेत्र जांच शिविर था। संस्था अब तक 32 हजार से अधिक यूनिट रक्त सरकारी रक्तकोष को दे चुकी है। कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि समाजसेवी राजेश जैन द्वारा 75 लोगों को चश्मे और 165 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। डॉक्टर अरमान और डॉ. ज्योति ने हड्डी व जोड़ दर्द वाले मरीजों का उपचार भी किया। कैंप में दिव्यांग तस्वीर हुड्डा ने 105वीं बार, नवनीत हुड्डा ने 45वीं बार, डॉ. अरमान ने 26वीं बार तथा अन्य नियमित रक्तदाताओं ने भी सहयोग दिया। सात महिलाओं ने भी रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान दिया।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशी राम हुड्डा।

### चुलियाणा के पहलवान विक्रांत ने पंजाब में जीती कुश्ती, गांव में भव्य स्वागत

**सांपला।** गांव चुलियाणा के पहलवान विक्रांत ने पंजाब में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उन्हें इनाम के रूप में नकद राशि और एक घोड़ी भेंट की गई। प्रतियोगिता चार दिन पहले पंजाब में हुई रुस्तम-ए-हिंद कुश्ती में आयोजित हुई थी, जिसमें विक्रांत ने कड़े मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर गांव का नाम रोशन किया। रविवार को जब विक्रांत गांव लौटे, तो लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने पहलवान विक्रांत के साथ उनके कोच, भीम अवार्डी पहलवान हरदीप रोहज और महिपाल पहलवान का भी नोटों की माला पहनाकर सम्मान किया। गांव के सरपंच प्रमोद ने कहा कि विक्रांत की इस उपलब्धि से पूरा गांव गौरवान्वित है और पंचायत की ओर से उन्हें विशेष सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर पहलवान के पिता सुनील कुमार, डॉक्टर छतर सिंह, दीवान सिंह, हरेंद्र कुमार, सुरेंद्र प्रधान सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



---

**संदेश** तीन दिवसीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सेमिनार में मुख्यातिथि रहे राज्यसभा सांसद

# गीता से आएगी विश्व में शांति, सद्भाव व समृद्धि : सांसद जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि श्रीमद्भागवद् गीता ही विश्व में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि ला सकती है। पुण्य व कर्म के योग से धर्म पैदा होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में दिया गया संदेश समस्त मानवता के लिए है। उन्होंने पांडवों व कौरवों के मध्य हुए धर्म युद्ध को मनुष्य के शरीर में विद्यमान अच्छी व बुरी प्रवृत्तियों के बीच युद्ध बताया। जांगड़ा पंडित श्रीराम रंगशाला में जिला प्रशासन तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे।




**रोहतक।** वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों का सहायक उपकरण वितरित करते मुख्यातिथि सांसद रामचंद्र जांगड़ा व उपमंडलाधीश आशीष कुमार।

**हवन संपन्न करवाया :** इससे पूर्व आचार्य शक्ति देव ने हवन संपन्न करवाया। राज्यसभा सांसद ने इससे पूर्व श्रीमद्भागवद् गीता एवं महाभारत पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं तथा विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**यह रहे मौजूद:** प्रीतम भयाना, डॉ. जगदेव विद्यालंकार, विवेक विद्या नाथन ने भी सेमिनार में अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर जिओ गीता परिवार से विपिन व स्नेह गोयल, महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल, कृष्णा रंजन, सिद्धार्थ, रितु नांदल, मनीषा पंवार, अमित नागपाल, अशोक गुप्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन अशोक चौधरी, ईश्वर सिंघल, विपिन बंसल सहित अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा प्रतिभागी विद्यार्थी व कलाकार कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### स्मृति चिन्ह, शॉल व गीता भेंट कर सम्मानित किया

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं की स्तन कैंसर की जांच के लिए मोबाइल वैन तैनात की गई है। इसके अलावा विभाग की टीम द्वारा लगाए गए शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। शिविर के प्रथम दिन 45 व्यक्तियों का रक्तचाप, 58 व्यक्तियों का रक्त समूह की जांच की गई, 9 महिलाओं की मैमोग्राफी की गई तथा 12 आयुष्मान कार्ड बनाये गए। शिविर के दूसरे दिन 11 आयुष्मान कार्ड बनाये गए, 50 व्यक्तियों का बीपी तथा 46 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन की जांच व तीन महिलाओं की मैमोग्राफी की गई। इसी प्रकार जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भी शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें सहायक उपकरणों के लिए जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों का पंजीकरण भी किया जा रहा है तथा मौके पर सहायक उपकरण भी वितरित किए जा रहे है। शगीता के अमर संदेश पर आयोजित सेमिनार में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वामी नित्यानंद अकादमी के चेयरमैन डॉ. सुमित मलिक ने गीता की शिक्षाओं पर उदाहरण सहित प्रकाश डाला। इस्कॉन समिति से अभिषेक गोपीदास ने गीता के आध्यात्मिक संदेश पर प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन सीमा ने कहा कि श्रीमद्भागवद् गीता भगवान श्रीकृष्ण की देन है। जिला प्रशासन की ओर से राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा को उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने स्मृति चिन्ह, शॉल व गीता भेंट कर सम्मानित किया।



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।



लाइफ Style

# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।




# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांतारा: चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गों पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच

***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

### महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।

### अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।



### मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!

## खबर संक्षेप



### श्री बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन सम्पन्न

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गांव डोभ में 66वीं पैदल ध्वजा यात्रा और भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मंडल तेज कॉलोनी और भक्तगण श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे ध्वजा यात्रा प्रारंभ करते हैं। मंदिर में ज्योत प्रज्वलित कर शुरुआत की गई और भक्तजन हाथों में ध्वजाएं लिए जय श्री राम के नारे लगाते हुए धाम पहुंचे। यात्रा के दौरान दो पड़ाव रखे गए—पहला खुशबू गार्डन के सामने, जहां जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस द्वारा चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई, और दूसरा पंचमुखी हनुमान मंदिर भिवानी रोड पर। भक्तों की वापसी के लिए निशुल्क ऑटो सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। धाम पर दोपहर 12 से 3 बजे तक संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर और छोले-चावल भंडारे का आयोजन हुआ।

### डॉ. रामधन मेमोरियल टूर्नामेंट का समापन

**रोहतक।** स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब किलोई द्वारा आयोजित 39वां डॉ. रामधन सिंह मेमोरियल इनविटेशन बास्केटबॉल एवं कबड्डी टूर्नामेंट आज अपने सफल समापन पर पहुंचा, जहां अंतिम दिन के रोमांचक मुकाबलों ने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों को उत्साहित किया। कबड्डी के ओपन वेट कैटेगरी में इंडियन नेवी की टीम ने प्रथम स्थान, जैसोर खेड़ी की टीम ने द्वितीय स्थान, तथा एयरफोर्स एवं लाढ़ौत की टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल वर्ग में एयरफोर्स की टीम प्रथम, आर्मी टीम द्वितीय, और सीआईए टीम तृतीय स्थान पर रही। टूर्नामेंट के दौरान सभी मुकाबले निष्पक्षता, उच्च तकनीक, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रबंधन के साथ सम्पन्न हुए।

### एसआईआर फॉर्म के नाम पर धोखाधड़ी से रहें सतर्क

**रोहतक।** पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करने के लिए एडवाइजरी जारी की है।



पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के नाम पर मतदाताओं को धोखा दिया जा रहा है। यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चलायी जाती है, लेकिन साइबर अपराधी इसका गलत उपयोग कर रहे हैं। एसआईआर फॉर्म या इसी नाम से फर्जी कॉल कर ओटीपी मांगना। एसआईआर.एपीके फाइल के नाम से फर्जी एपीके इंस्टॉल कराना। सरकारी लोगो और नामों का उपयोग कर लोगों को भ्रमित करना। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने मोबाइल पर आए ओटीपी साझा न करें। ओटीपी की जानकारी केवल ऑफिस या अपने बीएलओ को दें।

# कांग्रेस शासन में बने प्रोजेक्टों की खस्ताहाल पर पूर्व मंत्री का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कांग्रेस सरकार पर बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि रोहतक में राजीव गांधी खेल स्टेडियम, सेक्टर-5 स्थित मॉडल आईटीआई और चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी की जर्जर हो चुकी इमारतें कांग्रेस शासनकाल की लापरवाही और करोड़ों रुपये के घोटाले का परिणाम हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इन प्रोजेक्टों की विस्तृत जांच कराई जाए ताकि निर्माण में हुई अनियमितताओं का खुलासा हो सके। रविवार को दिल्ली रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में बूथ नंबर 97 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को कहा कि यदि निर्माण के समय अच्छी क्वालिटी का सामान प्रयोग किया जाता, तो इतनी जल्दी ये इमारतें खस्ताहाल नहीं होतीं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उनके सांसद पुत्र और स्थानीय विधायक से पूछा कि वे अपने ही गृह क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त प्रोजेक्ट क्यों नहीं बनवा सके। प्रदेश सरकार ने खेल स्टेडियम की मरम्मत के लिए 18 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जो इस बात का प्रमाण

- कांग्रेस के नेताओं को विरोध करने के अलावा कुछ नहीं आता: पूर्व मंत्री

है कि स्टेडियम कितनी जल्दी कंडम हो गया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के गुजरात में आयोजित होने पर कांग्रेस की आलोचना पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को विरोध करने के अलावा कुछ नहीं आता। जब दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे, तब हरियाणा में आयोजन करवाने से कांग्रेस सरकार ने खुद परहेज किया था।

#### भारत विश्व की तीसरी अर्थवयवस्था बनने की ओर अग्रसर

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर कहा कि देश आज तेजी से विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी मन की बात के माध्यम से नए स्टार्टअप और आईडिया सामने ला रहे हैं, जिनसे युवाओं को प्रेरणा लेकर मेक इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

## एमडीयू परिसर में हुई विशेष बैठक में रखीं गईं नई पहल की नींव

# शहर में नगर निगम और विश्वविद्यालय मिलकर गढ़ेंगे समाज-शिक्षा का मॉडल

मडीयू की ओर से प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, सुनील जागलान, प्रो. सपना गर्ग, प्रो. विनीता हुड्डा कार्यक्रम में रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के हालिया महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के दौरे के दौरान एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की शुरुआत हुई, जिसके तहत हरियाणा के इतिहास में पहली बार नगर निगम, विश्वविद्यालय और राज्य सरकार सामाजिक एवं शैक्षणिक लक्ष्यों पर एक साथ मिलकर काम करने के लिए सहमत हुए। एमडीयू परिसर में हुई विशेष बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, नगर निगम के महापौर रामअवतार बाल्मीकि, नगर निगम के पार्षद तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विश्वविद्यालय आउटरीच प्रोग्राम के कंसल्टेंट प्रो. राज कुमार द्वारा स्वागत एवं परिचय से हुई। बैठक में पार्षदगण अशोक कुमार वर्मा, रमेश बोहर, सुरेश किराड़, बिजेंद्र बैरागी, परीक्षित देशवाल, प्रवीण कौशिक, अंजु सैनी, मुक्ता नागपाल, अनीता गर्ग, रिंकू, आशा लता, ज्योति, अनीता मिगलानी, डिम्पल जैन एवं लीलू बुधवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। एमडीयू की ओर से प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, सुनील जागलान, प्रो. सपना गर्ग, प्रो. विनीता हुड्डा, प्रो. प्रतिमा देवी, प्रो. सोनू तथा प्रो. आशीष दहिया भी मौजूद रहे।



**रोहतक।** एमडीयू परिसर में बैठक के दौरान मेयर राम राम अवतार बाल्मीकि व विभिन्न पार्षद के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं समाज-उन्मुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि एमडीयू समाज से संवाद, समाज के साथ विकास की भावना के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में विश्वविद्यालय के आउटरीच कार्यक्रमों के जरिए न केवल समाज से जुड़ाव बढ़ा है, बल्कि एमडीयू की सकारात्मक छवि और स्वीकार्यता भी उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ हुई है।

#### महापौर ने बताया ऐतिहासिक कदम

महापौर राम अवतार बाल्मीकि ने इसे इस रूप में ऐतिहासिक बताया कि पहली बार नगर निगम के जनप्रतिनिधि, विश्वविद्यालय प्रशासन और हरियाणा सरकार के बीच इस स्तर का सीधा संवाद समाज के वास्तविक सरोकारों तथा युवाओं के भविष्य के लिए अत्यंत प्रेरक और सराहनीय है। यह सुझाव भी उभरा कि शहर की 13 महिला पार्षद यदि प्रत्येक एक-एक बालिका/महिला छात्रावास को मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए अपनाएं, तो संयुक्त परिवार की भारतीय अवधारणा आधुनिक शहरी जीवन में नए रूप में पुनर्जीवित हो सकती है।



# सर चौधरी छोटू राम धाम में 144वीं जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्थित दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम धाम में आज जाट सेवा संघ द्वारा 144वीं जयंती एवं धाम के 9वें स्थापना दिवस का ऐतिहासिक और भव्य समारोह अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला, दिल्ली कैंट से विधायक वीरेंद्र सिंह कादयान सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक संगठन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

समारोह में धाम के छात्रावास भवन का उद्घाटन अभय सिंह चौटाला द्वारा किया गया, जबकि विशिष्ट अतिथि वेद कौर एवं विधायक वीरेंद्र कादयान रहे। गौरतलब है कि इस भवन का शिलान्यास वर्ष 2017 में बीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया था। उन्होंने धाम परिसर का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि छोटू राम धाम केवल स्मारक नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने वाला प्रेरणा केंद्र है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, न्याय और समानता के उनके संदेश को अपनाने की अपील की। उन्होंने संघ के संविधान में संशोधन की आवश्यकता भी रखी। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप दहिया ने जाट समाज को आरक्षण और अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने तक संघर्ष जारी रखने की बात दोहराई। सेक्रेटरी विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) महेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि धाम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दो बैच सफलतापूर्वक पूर्ण किए जा चुके हैं।

#### 11 लाख की घोषणा

अभय सिंह चौटाला ने समाज की एकता को मजबूती देने पर जोर देते हुए धाम के लिए 11 लाख की घोषणा की। इससे पूर्व भी वे धाम के विकास हेतु 50 लाख की राशि दे चुके हैं। विधायक वीरेंद्र कादयान ने कहा कि सर छोटू राम ने किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों की आवाज को देश भर में बुलंद किया। इसलिए समाज को उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना चाहिए। जाट सेवा संघ के चेयरमैन एडवोकेट रणधीर सिंह ने बताया कि धाम भविष्य में युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र, प्रवेश परीक्षा कोचिंग, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम शुरू करेगा।



**रोहतक।** स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में मौजूद छात्र।

#### विद्यालय में भारतीय त्योहार थीम पर मनाया वार्षिक उत्सव

**रोहतक।** स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष का विषय भारतीय त्योहार हमारी संस्कृति, हमारी पहचान रहा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने देश की विविध संस्कृति और विभिन्न त्योहारों की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों तकनीकी अधिकारी मनोज गहलावत, फिजिक्स विशेषज्ञ सोमवीर अहलावत, गणित विशेषज्ञ चांद हुड्डा, कैमिस्ट्री विशेषज्ञ के. केसवान एवं बायोलॉजी विशेषज्ञ बिरेन्द्र- द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया। अतिथियों ने प्रो. जयसिंह मलिक के स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। विद्यार्थियों ने नवरात्रि, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, सावन, दीवाली, होली, तीज, ईद, बैसाखी और ओणम पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। हरियाणवी, पंजाबी, गुजराती, गरबा, लावणी और कव्वाली जैसे लोक एवं सांस्कृतिक नृत्यों ने मंच को जीवंत कर दिया। बच्चों द्वारा तैयार की गई त्योहार आधारित झांकियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि अतिथियों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# 12 साल से हर महीने चौधरी देवी सिंह की स्मृति में डाली जा रही हैं आहूतियां

- हवन यज्ञ करने से हमारे शरीर के साथ-साथ आसपास के पर्यावरण को भी बड़ा फायदा पहुंचता है

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

जाट शिक्षण संस्थानों स्थित जाट शिक्षण संस्थानों के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी आर्य समाजी चौधरी देवी सिंह की याद में रविवार को मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन के ब्रह्मा तिलक नगर आर्य समाज के संयोजक सुखबीर दहिया व कंवर सिंह गुलिया रहे। वह हवन का आयोजन लोकहित संस्था के प्रधान वह चौधरी देवी सिंह के पद पुत्र चंचल नांदल व दीपक नांदल ने करवाया। इस अवसर पर कृष्ण आर्य द्वारा चौधरी देवी सिंह के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों शैक्षणिक कार्यों व आर्य समाज के लिए किए गए कार्यों पर रोशनी डाली। और साथ ही आज की युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वह अपने बुजुर्गों के पद चिन्हों पर चलते हुए देश को आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर एडवोकेट चंचल आंदोलन ने बताया कि जाट शिक्षण संस्थानों में चौधरी देवी सिंह की याद में लगातार पिछले 12 सालों से मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। हवन से शिक्षण संस्थानों में सुगंध फैलती है वहीं पर्यावरण भी साफ होता है। हवन के ब्रह्मा सुखबीर दहिया ने कहा कि हवन यज्ञ करने से हमारे शरीर के साथ-साथ आसपास के पर्यावरण को भी बड़ा फायदा पहुंचता है।



**रोहतक।** हवन में आहुति डालते आर्य समाजी। *फोटो: हरिभूमि*



**रोहतक।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा) का स्थापना दिवस पर मौजूद पदाधिकारी।

#### उत्साह से मनाया एलजेपी का स्थापना दिवस

**रोहतक।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा) का स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय में उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर एलजेपी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष स्वयं रोहतक पहुंचे। वहीं रोहतक के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पार्टी संस्थापक राम विलास पासवान को श्रद्धांजलि देकर की गई। पांडेय ने कहा कि पार्टी का मुख्य लक्ष्य सामाजिक न्याय, विकास और जनता की समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में प्राथमिकता दी जाएगी। पांडेय ने बताया कि एलजेपी हरियाणा में एक मजबूत विकल्प बनकर उभर रही है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सीजेआई सूर्यकांत के सम्मान में बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया ने किया अभिनंदन समारोह

- सीजेआई को रोहतक आने का आमंत्रण भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सम्मान में बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन दिल्ली के ललित होटल में किया गया।

इस कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य और पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र सिंह अहलावत, जिला बार एसोसिएशन रोहतक के अध्यक्ष दीपक हुड्डा तथा अधिवक्ता सुरेंद्र लौरा ने भाग लिया। डॉ. अहलावत ने बताया कि बार एसोसिएशन की ओर से नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।



#### रोहतक के प्रति विशेष लगाव का उल्लेख किया

उन्होंने सीजेआई को रोहतक आने का आमंत्रण भी दिया, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही रोहतक का दौरा करेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने रोहतक के प्रति अपने विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कहा कि एमडी में कानून की पढ़ाई के दौरान बिताए गए उनके दिनों की यादें अत्यंत प्रिय हैं। उन्होंने कहा कि रोहतकवासियों ने उनके शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण देखकर मिठाइयां बांटकर जो प्यार और स्नेह व्यक्त किया, वह स्मृति हमेशा उनके हृदय में अंकित रहेगा। डॉ. अहलावत और दीपक हुड्डा ने बताया कि सीजेआई ने अत्यंत आत्मीयता तथा सादगी पूर्ण व्यवहार से सभी का अभिवादन किया, जिसके लिए वे उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

## श्रद्धालुओं ने शांतिधारा और विश्व शांति महायज्ञ में डाली आहुतियां

# श्रीमद जिनेन्द्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

- कांग्रेस के नेताओं को विरोध करने के अलावा कुछ नहीं आता: पूर्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिविल रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मोहल्ला में आयोजित तीन दिवसीय श्रीमद जिनेन्द्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने बड़े भक्तिभाव के साथ अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन और महायज्ञ में भाग लिया। सभी कार्यक्रम साधु-संतों की छत्रछाया में संपन्न हुए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि तीसरे दिन प्रातः 7 बजे आर्यिका रत्न डॉ. सरस्वती भूषण माता ससंघ के मंगल आशीर्वाद से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और नित्य पूजन किया गया। विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। महायज्ञ के दौरान चंदन की लकड़ी, चंदन बुरादा, हवन सामग्री, लौंग एवं घी की पाँच मालाओं के उच्चारण के साथ सभी श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति दी। इसके बाद पंडित द्वारा दानदाताओं की ओर से दी गई 35 मूर्तियों को ओहम व अर्हम की वेदियों पर विधिवत स्थापित किया गया। मूर्ति दानदाताओं एवं इन्द्रों को मुख्य अतिथि राजेश जैन ने सम्मानित किया।



श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मोहल्ला में आयोजित कायक्रम में मौजूद श्रद्धालु।



**रोहतक।** कायक्रम में मौजूद जैन धर्म के साधु संत। *फोटो: हरिभूमि*

#### कार्यक्रम राजेश जैन की अध्यक्षता में हुआ

सिविल रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मोहल्ला में आयोजित तीन दिवसीय श्रीमद जिनेन्द्र वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के सभी कार्यक्रम मंदिर के संरक्षक विजय कुमार जैन एवं एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में प्रधान अतुल जैन, महामंत्री अजय जैन, चक्रेश जैन, राजेश जैन डीएलएफ, शलेष जैन, अनिल जैन बैंक वाले, मनोज जैन, विकास दलाल, सुनील जैन, अनुराग जैन, सरीता जैन, मधु जैन, सतीश जैन, संजय जैन, मनोज जैन, कुनाल जैन, गौतम जैन, राजीव जैन मौजूद रहे।

*अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम*

# हर नागरिक भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए धर्म और सत्य के मार्ग का करें अनुसरण : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन के दूसरे सत्र में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने उपस्थितगण का आह्वान किया कि वे श्रीमद्भागवद् गीता के धर्म व सत्य के मार्ग पर चलने के संदेश को अपने जीवन में धारण करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में संत महापुरुषों की शिक्षाओं व विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में गीता महोत्सव में उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मनीष ग्रोवर ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी एवं स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर सिंह के 350वें शहीदी वर्ष को भव्यता के साथ मनाया गया, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कुर्बान कर दिया था। पूर्व मंत्री को जिला प्रशासन की ओर से स्मृतिचिन्ह, शॉल व गीता भेंट कर सम्मानित किया।



रोहतक। गीता जयंती महोत्सव में प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय समारोह में दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक मंडलियों तथा कलाकारों ने श्रीमद्भागवद् गीता पर आधारित भव्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध किए रखा। महेंद्रगढ़ के कवि व कलाकार नुसरत खान ने गीता पर आधारित प्रस्तुतियों से समां बांधा।

उन्होंने देशभक्ति की कविता की प्रस्तुति पर दर्शकों की तालियां बटौरी। उन्होंने मेरा भारत देश महान, तिरंगे झंडे की पहचान। गीता मां की अलख जगाना है, भारत मजबूर नहीं सै, वो दिन दूर नहीं सै सारा विश्व करें गुणगाण तथा गीता माँ का ज्ञान ये घर-घर पहुंचाना की प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर किया। इन कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण व राधा की वेशभूषा में भव्य कृष्ण लीलाएं प्रस्तुत की।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ वैश्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना से किया गया।

नटराज समूह ने शिव स्तुति की प्रस्तुति दी। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भव्य हरियाणवी समूह नृत्य प्रस्तुत कर हरियाणा की समृद्ध संस्कृति की झलक बिखेरी। स्वामी नित्यानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नशा खोरी के विरुद्ध लघु नाटिका, समूह लोक उच्चारण, मॉडल स्कूल का एकल गीत व समूह नृत्य की भव्य प्रस्तुतियां भी दी गई। मुरादाबाद के डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल द्वारा निर्देशित टीम द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से पूतना की हत्या तक अनेक कृष्ण लीलाओं का सजीव चित्रण किया गया। पलवल की पवन नगाडा पार्टी ने दिनभर दर्शकों का मनोरंजन किया।

इस अवसर पर जिओ गीता परिवार से विपिन व स्नेह गोयल, महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल, कृष्णा रंजन, सिद्धार्थ, रितु नांदल, मनीषा पंवार, अमित नागपाल, अशोक गुप्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन अशोक चौधरी, ईश्वर सिंघल, विपिन बंसल सहित अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा प्रतिभागी विद्यार्थी व कलाकार मौजूद रहे।

*आज 1 बजे दुर्गा भवन मंदिर से रंगशाला तक शोभायात्रा निकाली जाएगी, गीता महोत्सव का समापन गोकर्ण तीर्थ पर गीता आरती व दीप दान से होगा।*




गीता जयंती महोत्सव में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

## लाखनमाजरा में बॉस्केटबॉल पोल टूटने से खिलाड़ी की मौत पर रोष

# जस्टिस फॉर हार्दिक राठी के गूंजे नारे, ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च

- लोगों ने हाथों में मोमबत्ती लेकर हार्दिक की आत्मा की शांति और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लाखनमाजरा ब्लॉक में युवाओं और ग्रामीणों ने बॉस्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। अंधेरा होते ही शुरू हुए इस मार्च में कोच, खिलाड़ी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। लोग हाथों में मोमबत्ती लेकर हार्दिक की आत्मा की शांति और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। कैंडल मार्च स्टेडियम तक गया, जहां उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियों से हार्दिक का नाम लिखा और श्रद्धांजलि अर्पित की।

25 नवंबर को स्टेडियम में बॉस्केटबॉल प्रैक्टिस के दौरान हार्दिक राठी की छाती पर पोल गिरने से मौत हो गई। हार्दिक के साथ ऐसा हादसा सिर्फ लाखनमाजरा में ही नहीं हुआ, बल्कि 23 नवंबर को बहादुरगढ़ में भी एक खिलाड़ी अमन अपनी जान गंवा चुका है। इन घटनाओं ने प्रदेश के खेल स्टेडियमों की सुरक्षा और रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कोचों ने सरकार से की सख्त कार्रवाई की मांग

मार्च के दौरान खिलाड़ियों और कोचों ने सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि स्टेडियम की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के कारण यह दुखद हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि यदि स्टेडियम की नियमित जांच और पोल की मरम्मत समय पर होती, तो हार्दिक की जान बचाई जा सकती थी।

### गांव में रोष और न्याय की मांग

ग्रामीणों और स्थानीय युवाओं ने सरकार के प्रति गुस्सा व्यक्त किया। उनका कहना था कि प्रशासन की लापरवाही के कारण हार्दिक जैसे युवा खिलाड़ी की जान चली गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्टेडियम का रखरखाव समय पर किया जाता और पोल सुरक्षित होता, तो आज हार्दिक उनके बीच होता। ग्रामीणों ने इस हादसे को चेतावनी के रूप में लेते हुए कहा कि राज्य सरकार को खेल संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

### हार्दिक के पिता बोले- स्टेडियम की करवाएं मरम्मत ताकि अब किसी और के बच्चे के साथ हादसा न हो

हार्दिक राठी के पिता संदीप राठी ने कहा कि पूरे हरियाणा के स्टेडियमों की नियमित मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी अन्य बच्चे के साथ ऐसा हादसा ना हो। उन्होंने कहा कि हर बच्चा जो स्टेडियम में खेल में सफलता पाता है, उनके माता-पिता और पूरे समाज के लिए गर्व का कारण बनता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि खेल संरचनाओं की सुरक्षा में प्राथमिकता दी जाए।




लाखनमाजरा में हार्दिक की याद में कैंडल मार्च निकालते परिजन व खिलाड़ी।

# जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर मनजीत मलिक, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन तथा एमडी रंश ने किया। विद्यालय के चेयरमैन कर्मवीर मायना और राजेंद्र बंसल ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या सविता नेहरा के कुशल नेतृत्व में हुआ। इस वर्ष वार्षिक उत्सव इन्फैंसिया-द कलर्स ऑफ चाइल्डहुड अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति, सृजनात्मकता और सुव्यवस्थित आयोजन के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। चेयरमैन कर्मवीर मायना ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और नेतृत्व जैसे गुणों को और निखारते हैं। स्कूल के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने भी पूरी टीम और प्रधानाचार्या के नेतृत्व की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक और थीम-आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कुल 99 विशिष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें शैक्षणिक क्षेत्र से लक्षय बिंदल, नीव, लक्षय राणा, हितेश, कनुष, प्रियांशी, कृष, कैथरीन, दृष्टि, अर्जुन, रौनक, अर्णव, प्रत्याशा शामिल थे। सह निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इन्फैंसिया द कलर्स ऑफ चाइल्डहुड सभी के लिए एक यादगार, प्रेरणादायी और आनंद से भरपूर अनुभव साबित हुआ।



जीडी गोयंका स्कूल में उपायुक्त को सम्मानित करते आयोजक।

# सैनी सोसाइटी के खेल उत्सव का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी एजुकेशन सोसाइटी में आयोजित दो दिवसीय खेल उत्सव आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कौशिक रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि प्रदीप कौशिक ने छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल व अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि माता-पिता व शिक्षक बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा दें। सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य, स्टाफ और खिलाड़ियों को बधाई दी। 100 मीटर रेस में बीएड कॉलेज की सुशील, सविता और एकता विजेता रहीं, जबकि 400 मीटर में अमन, हिमांशु और दिवायंत ने ट्रॉफी जीती।

टैग ऑफ वार में कोमल, रसिका, प्रिया, रितु, नंदिनी, मनीषा और हिना की टीम ने ग्रुप ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम में समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य शिविर में 118 मरीजों की मुफ्त जांच

रोहतक। वैद्य केसरदास सेवा समिति द्वारा प्रगति अस्पताल सुखपुरा चौक के सहयोग से लेबर चौक स्थित सावन बैंक्वेट हॉल के सामने एक मुफ्त हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सामान्य रोग, ऑर्थो एवं आंखों की जांच सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। कैंप में डॉ. मीनू बेनीवाल, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. प्रमोद द्वारा 118 रोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा नेहा द्वारा शुगर, एचबी, कोलेस्ट्रॉल आदि टेस्ट भी मुफ्त किए गए। सभी मरीजों को आयुर्वेदिक एवं अन्य आवश्यक दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। समिति के संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत आंखों के ऑपरेशन सिविल अस्पताल में पूरी तरह मुफ्त किए जाएंगे। यह कैंप प्रगति हॉस्पिटल सुखपुरा चौक के सहयोग से आयोजित किया गया। कैंप में विनोद जुनेजा, जय सिंधवानी, आकाश सिंधवानी, जतिन नारंग, अशोक कत्याल, अश्वनी चुघ, वीरेंद्र, मधुर निराला, जे.पी. गौड़ और सुंदर जेटली सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एलपीएस बोसार्ड व निगम ने करवाई हैंडराइटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाल दिवस के अवसर पर एलपीएस बोसार्ड और नगर निगम रोहतक द्वारा रविवार को बच्चों के लिए भव्य हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों से कुल 957 बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को पांच केटेगरी में विभाजित किया गया। प्रत्येक प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट, रिफ्रेशमेंट, मैडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। विजेताओं को क्रमशः 2100, 1100, 500 और 200 रुपये नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और अनुशासन की भावना को बढ़ावा देना था, ताकि रोहतक शहर को सभी मिलकर साफ-सुथरा बनाया जा सके। निर्णायक मंडल में विजय बल्हारा, रेशमा मल्होत्रा, रुचिका ठाकुर, दीप्ति अरोरा, शीतल सरदाना, मोना सिक्का, वंदना और मोनिका शामिल थीं।



रोहतक। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर,एलपीएस बोसार्ड राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, संदीप बत्रा, विपिन नरवाल, धीरज चावला और विकास बंसल उपस्थित रहे। मंच का संचालन पल्लवी तुषार हांडा ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राजीव जैन, शीतल, सनी निझावन, तुषार हांडा, योगेश कुमार, सुमित गोयल और लेखराज गोयल उपस्थित रहे।

# शहर में जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो से बढ़ी परेशानी

- बार-बार शिकायतों पर भी नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। शहर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पास लगातार चार दिनों से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे सड़क पर दूषित पानी जमा है। इससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यही हाल पुरानी आईटीआई रोड, कई अन्य कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर भी देखने को मिल रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

शहर में कई जगहों पर सीवर लाइनें जाम होने से पानी सड़क पर फैल रहा है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पास सीवर ओवरफ्लो से हमेशा की तरह बदबू फैल रही है। लोग मास्क लगाकर गुजरने को मजबूर हैं। पुरानी आईटीआई रोड पर पिछले चार दिनों से सड़क के बीचों-बीच दूषित पानी भरा होने से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। कई बार आने-जाने वाले वाहन चालक फिसलकर गिर भी चुके हैं। दूषित पानी के जमा होने से मच्छर, मक्खियों और अन्य कीटों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। फिलहाल यह समस्या रामगोपाल कालोनी, कबीर कॉलोनी, तिलक नगर, सुभाष नगर, लक्ष्मी नगर, आजादगढ़ और प्रेम नगर में भी यह समस्या बनी हुई है। लोगों को वहां से निकलने में दिक्कत तो बनी हुई है साथ के साथ बीमार होने का डर भी बना हुआ है। शिकायतों के बाद भी न तो सीवर की नियमित सफाई हो रही है और न ही पाइपलाइन की जांच। सिर्फ जेटिंग मशीन भेजकर अस्थायी राहत दी जाती है।



### शिकायत पर मिलता है सिर्फ आश्वासन

हम पिछले एक सप्ताह से सीवर ओवरफ्लो झेल रहे हैं। बदबू इतनी ज्यादा है कि खिड़कियां तक नहीं खोल सकते। रोजाना शिकायत कर रहे हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है।
**- राजेश कुमार**

दुकानों के सामने गंदा पानी जमा है। ग्राहक आना बंद हो गए हैं। व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। निगम की लापरवाही से हम परेशान हो रहे हैं।
**- सीमा देवी**

आईटीआई रोड पर चार दिनों से गंदा पानी भरा है। बस स्टॉप तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। पैदल चलना तो दूर, बाइक भी नहीं चला सकते। कई लोगों का संतुलन बिगड़ चुका है।
**- सुभाष मलिक**

**आयोजन** एमडीयू के सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

*सम्मेलन में 15 तकनीकी सत्रों में कुल 150 शोध पत्र प्रस्तुत किए*

# सांख्यिकी, अनुकूलन तकनीकें व डेटा साइंस राष्ट्र निर्माण व वैश्विक शोध का आधार : प्रो. उमाशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ग्लोबल एडवांसेज इन स्टैटिस्टिकल मॉडलिंग, ऑप्टिमाइजेशन टेक्नीक्स एंड डेटा साइंस का समापन गरिमामयी वैलेडिक्ट्री समारोह के साथ हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन 28 से 30 नवंबर तक विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय एसोसिएशन फॉर रिलायबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएआरएस) के 9वें वार्षिक अधिवेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. बीके दास रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रेयलसीमा विश्वविद्यालय कुरनूल के ओआर एवं एसक्यूसी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. सी. उमाशंकर उपस्थित रहे। दोनों विद्वानों ने सम्मेलन की अकादमिक गुणवत्ता की सराहना की और कहा कि सांख्यिकी, अनुकूलन तकनीकें और डेटा साइंस आज राष्ट्र निर्माण और वैश्विक शोध का आधार बन चुकी हैं। तीन दिनों के दौरान सांख्यिकीय मॉडलिंग, ऑप्टिमाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, सैम्पलिंग, एस्टिमेशन एवं इनफॉर्मेशन थ्योरी जैसे समकालीन विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों प्रो. अमरेन्द्र मिश्रा, प्रो. तिरुपति राव पड़ी, प्रो. दिवाकर शुक्ला आदि ने सम्मेलन को अत्यंत समृद्ध, सुव्यवस्थित और यादगार बताया। आईएआरएस के सचिव प्रो. जितेंद्र कुमार ने बताया कि सम्मेलन में 3 की-नोट सत्र, 12 प्लेनरी सत्र और 16 आमंत्रित सत्र आयोजित हुए, जिनमें स्पेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चिली, जापान और कनाडा के विख्यात विद्वानों- प्रो. जेई मार्टिनेज-लेगाज, प्रो. रामएन मोहापात्रा, प्रो. शाहजहां खान, प्रो. मिलान स्टेलिक, प्रो. हीरोशी सकाई, प्रो. बीएम गोलाम किब्रिया, प्रो. राज श्रीनिवासन, प्रो. शेष एन राय आदि ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। सम्मेलन की विशेष आकर्षण प्रो. सी. उमाशंकर एंडोमेंट लेक्चर रहा, जिसे प्रो. तिरुपति राव पड़ी ने आधुनिक सप्लाई चेन रणनीतियों और स्टोकेस्टिक ऑप्टिमाइजेशन पर प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 15 तकनीकी सत्रों में कुल 150 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जो विद्वानों की गहन शैक्षणिक संलग्नता का उदाहरण रहे।



रोहतक। एमडीयू में आयोजित सम्मेलन में मौजूद गणमान्य विशेषज्ञ।

सम्मेलन से कई महत्वपूर्ण अकादमिक निष्कर्ष सामने आए। वैलेडिक्ट्री संबोधन में दिल्ली विश्वविद्यालय के ओआर विभाग के प्रो. पी.सी. झा ने एमडीयू सांख्यिकी विभाग को इस सफल और प्रभावी आयोजन के लिए बधाई दी। सम्मेलन में आईएआरएस यंग बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन सम्मेलन संयोजक प्रो. एस.सी. मलिक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।